दिनांक 15.09.2020 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

सेक्टर-6 वार्ड क्रमांक 55 में महापौर ने रखी नींव, क्रिश्चयन समाज के लिए बनेगा भवन

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत वार्ड 55 में क्रिश्चियन समाज के लिए भवन बनाया जाएगा। कार्य की स्वीकृति मिलने के बाद आज महापौर एवं भिलाईनगर विधायक श्री देवेन्द्र यादव ने स्थानीय पार्षद सूर्यकान्त सिन्हा एवं समाजिक जनों तथा वरिष्ठ नागरिकों की उपस्थिति में कार्य की नींव रखी। 6.81 लाख की लागत से होने वाले निर्माण कार्य से क्रिश्चयन समुदाय के लोगों को सार्वजनिक आयोजन हेतु सहूलियत मिल सकेगी! सोशल डिस्टेंस का ध्यान रखते हुए विधिवत नागरिकों की उपस्थिति में कार्य संपन्न हुआ। वार्ड 55 में होने वाले विकास कार्य के लिए क्रिश्चयन कल्चर एसोसिएशन के सदस्यों ने खुशी जाहिर करते हुए महापौर व निगम प्रशासन का आभार व्यक्त किया। महापौर श्री यादव ने इंजीनियरों को शीघ्रता से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए ताकि शीघ्र समाज के लोगों को भवन का लाभ मिल सकें, इस दौरान महापौर श्री यादव ने विशेष रूप से आमंत्रित ईव्ही मुरली व इंटर स्कूल चित्रकला प्रतियोगिता में विजेता रहे विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किए। भिलाई निगम के जोन कं. 05 अंतर्गत वार्ड 55 सेक्टर - 06 में क्रिश्चियन कल्चर एसोसिएशन के लिए नया भवन बनाने के साथ पुराने जर्जर भवन का मरम्मत भी किया जाएगा। वार्ड पार्षद एवं महापौर परिषद के सदस्य सूर्यकांत सिन्हा ने बताया कि विकास कार्य की स्वीकृति हुई है। 6.81 लाख की लागत से निमार्ण कार्य किया जाएगा। वार्ड के क्रिश्चयन कल्चर एसोसिएशन द्वारा महापौर से धार्मिक एवं सामाजिक जैसे सार्वजनिक आयोजनों के लिए नया भवन एवं पुराने भवन को मरम्मत करने की मांग की गई थी , जिसके कार्य की शुरुआत आज से की गई है। एसोसिएशन के परिसर में ही प्रसाधन की सुविधा , पुराने भवन का मरम्मत करते हुए रंग रोगन, खिड़की, दरवाजे और प्रकाश की व्यवस्था की जाएगी। बाहर पेवर ब्लाॅक लगाए जाएंगे इससे आयोजनों के लिए छाया मिलेगी तथा बारिश में कार्य संपन्न किए जा सकेंगे। इस दौरान क्रिश्चयन कल्चर एसोसिएशन के डाॅ. वाईजूडी पैरागन, एमजीएम राजन, मैथ्यू डेविड, सदस्य सी. चाॅको, निगम के इंजीनिरयर कुलदीप गुप्ता, मो. वसीम उपस्थित थे।